# सड़क से आसमान तक सुरक्षा चाकचौबंद

## समारोह स्थल पर स्नाइपर और 2000 से ज्यादा सीसीटीवी की रहेगी नजर

स्वतंत्रता दिवस समारोह



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह में 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सुरक्षा के मुद्देनजर यहां सुरक्षा कड़ी है। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस पर अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संबोधन में वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ देंगे। मनमोहन सिंह ने वर्ष 2004 से 2014 के दौरान लाल किले की प्राचीर से 10 बार तिरंगा फहराया था। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने 14 अगस्त से 16 अगस्त तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली एनसीआर में बारिश का दौर जारी है। बुधवार दोपहर दो बजे के बाद से हल्की-फुल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई है। आसमान में बादल छाये हुए हैं। अलग-अलग इलाकों में कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिश हो रही है। भले ही बारिश ने मौसम को सुहावना कर दिया है लेकिन यह बारिश स्वतंत्रता दिवस समारोह में खलल डाल सकती है।

वहीं स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले दिल्ली पुलिस ने राजधानी की किलेबंदी कर दी है। सड़क से लेकर नदी और आसमान तक सुरक्षा कर्मी गश्त कर रहे हैं। लाल किला और पूरी दिल्ली की सुरक्षा में एनएसजी, एसपीजी, पैरामिलिट्री फोर्सेस और दिल्ली पुलिस के करीब 30 हजार से ज्यादा जवानों को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। लाल किले की सुरक्षा के लिए 6 स्तरीय सुरक्षा बनाई गई है, जिसकों भेद पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के बाद इसको और सख्त कर दिया गया है। इसके चलते सैकड़ों स्नाइपर, एयर डिफेंस सिस्टम और 2000 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की नजर समारोह स्थल पर रहेगी।


इन कैमरों में हाई-रेजोल्यूशन पैन-टिल्ट-जूम फीचर होंगे, जिससे पुलिस दूर से ही किसी को पहचान सकेगी। एआई-आधारित चेहरे पहचान करने और वीडियो विश्लेषण में सक्षम इन कैमरों से पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित होगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर इंडिया गेट और संसद भवन समेत तमाम सरकारी इमारतों को देश भक्ति के रंग से पूरी तरह से सराबोर किया गया है।

## यातायात परामर्श जारी, कई मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है और मुख्य समारोह में आमंत्रित लोगों की सुविधा और सुरक्षा कारणों सेलाल किले के आसपास के क्षेत्र में आवाजाही पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं।

पुलिस ने एक अगस्त को शहर में पैराग्लाइडर, यूएवी, हॉट एयर बैलून और छोटे आकार के विमान जैसे हवाई उपकरणों को उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। परामर्श में इसे फिर से दोहराया गया जो बृहस्पतिवार तक लागू रहेगा।यातायात परामर्श में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष मार्ग, लोथियन रोड, एसपी मुखर्जी मार्ग, चांदनी चौक रोड, निषाद राज मार्ग, एस्प्लेनेड रोड और सुभाष मार्ग से जुड़ने वाली सड़कें, रिंग रोड पर राजघाट से आईएसबीटी तक और आउटर रिंग रोड पर आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर तक का रास्ता यातायात के लिए बंद रहेगा। इसमें कहा गया है कि जिन वाहनों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के पार्किंग लेबल नहीं होंगे, वे सी-हेक्सागन, इंडिया गेट, कोपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग और जेएल नेहरू मार्ग पर जाने से बचें। परामर्श के मुताबिक, बिना लेबल वाली गाड़ियां रिंग रोड पर निजामुद्दीन खत्ता और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच के रास्ते तथा आउटर रिंग रोड पर निजामुद्दीन खत्ता से सलीमगढ़ बाईपास के रास्ते आईएसबीटी कश्मीरी गेट जाने वाले रास्ते पर जाने से बचें।




## कालकाजी में सड़कों का हो रहा कायाकल्प

**नई दिल्ली।** कालकाजी विधानसभा के गुरु रविदास मार्ग को मिलेगा नया स्वरूप। इसके मार्ग के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इसके शुरुआती चरण में चल रहे कामों जा जायजा लिया।

गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के अन्तर्गत फुटपाथ और सर्विस रोड को आधुनिक बनाया जाएगा। सेंट्रल वर्ज पर पौधों के जरिए सड़क की खूबसूरती बढ़ाई जाएगी। साथ ही रिकॉरपेटिंग के जरिए रोड का सुदृढ़ीकरण भी करवाया जाएगा।

लोगों की सुविधाओं के लिए यहाँ पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा। आतिशी ने कहा कि, गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़कों में से एक है और रोजाना लाखों लोग आवागमन के लिए इसका इस्तेमाल करते है। ऐसे में सड़क को नया स्वरूप मिलने से लाखों लोगों को फायद होगा और अधिक सुविधाएं मिलेगी।

## दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारियों व जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


आत्माराम देशपांडे


शशि बाला


सुमन गोयल


अरविंद कुमार

स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारियों और जवानों को उनकी सेवाओं के लिए पदक प्रदान किए गए हैं। आत्माराम वासुदेव देशपांडे, संयुक्त पुलिस आयुक्त व शशि बाला, एसीपी (सेवानिवृत्त) को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। 16 अफसरों व जवानों को सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किए गए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त आत्माराम वासुदेव देशपांडे उन्हें गोवा में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यभार सौंपा गया और उन्होंने सभी कार्यभारों और जिम्मेदारियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जुलाई 2024 में सेवानिवृत्त एसीपी शशि बाला इंस्पेक्टर के रूप में अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने बलात्कार और वैवाहिक विवाद मामलों सहित कई मामलों की जांच की। उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया, एनआईपीसीसीडी से परामर्श कौशल पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी लिया। इसके अलावा संयुक्त पुलिस आयुक्त सुमन गोयल, डीसीपी डॉ. रजनीश गर्ग, एसीपी सत्यपाल सिंह अरविंद कुमार, रीना लता, नीरज टोकस, दिनेश चंदर, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर राकेश, सत्येंद्र पुनिया, एसआई शाहजहांन, सुरेंद्र सिंह वीरेंद्र कुमार, हंसराज, सुरेश को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण



**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा स्थिति पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ पूर्व सैनिक वर्तमान शिक्षक संतोष के नेतृत्व में मार्च पास्ट से हुआ। नव निर्वाचित विद्यार्थी परिषद को सीसीए प्रभारी कुमुद रंजन झा के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। विद्यालय के हेड ब्वाय, हेड गर्ल सहित चारों सदनों के कप्तान को प्राचार्या प्राची दीक्षित के कर कमलों से बैज और शैश पहना कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने छात्र परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि हेड ब्वाय हेड गर्ल के साथ परिषद के सभी सदस्य टीम के रूप में कार्य करें। उप प्राचार्या अंजली जैन ने बताया कि परिषद के छात्र कठिन साक्षात्कार के बाद चयनित होते है। विद्यालय के हेड ब्वाय अभिषेक ध्यानी और हेड गर्ल श्रीनिधि एस नारायण ने अपने प्रथम औपचारिक वक्तव्य में विद्यालय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और विजन की चर्चा की। स्पोर्ट्स कैप्टन विनायक और कुमकुम का चयन पीईटीएस के नागर के द्वारा किया गया। शिवाजी सदन के प्रभारी नीतू जावेरिया, टैगोर सदन की प्रभारी दीप शिखा, अशोक सदन के प्रभारी गिरीश, रमण सदन के प्रभारी ज्वाला प्रसाद, शिक्षक राखी, मोनिका, संजीव, विपिन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बीओआई में दो दिवसीय समझौता दिवस

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई )देश भर में समस्त शाखाओं, अंचल और एफजीएमओ स्तर पर ऋण खातों का निपटान करने के लिए 16 से 17 अगस्त को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से ऐसे एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय में घाटा, गंभीर बीमारी, अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति के कारण समय पर अपना ऋण की अदायगी तय समय सीमा में नहीं चुका सके। ऐसे सभी योग्य चूक कर्ता ग्राहकों से अपील की जाती है कि बैंक की आकर्षक एकमुश्त समझौता योजनाओं के माध्यम से एनपीए खातों में आकर्षक छूट पाएं।

### आधार सीडिंग एवं जागरूकता अभियान संपन्न



**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिशा निर्देशन में उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला की ओर से 'आधार सीडिंग एवं जागरुकता अभियान' का आयोजन किया गया। इसमें उप क्षेत्रीय निदेशक चंद्र भानू झा, सहायक निदेशक संत सिंह, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कामता प्रसाद एवं सहायक राजेश कुमार मौजूद थे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक चंद्र भानू झा ने कहा कि बीमांकित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। जागरूकता शिविर का समापन रंजना पाल (निदेशक, मानव संसाधन) और उनकी टीम के सदस्यों राहुल शर्मा, पंकज शर्मा एवं प्रगत सिंह द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के धन्यवाद के साथ किया गया।

## सिसोदिया की पदयात्रा दो दिन के लिए टाली

### मंत्री सौरभ बोलेः अब केजरीवाल के जन्मदिन 16 अगस्त से होगी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सौरभ भारद्वाज

आम आदमी पार्टी ने वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की बुधवार को होने वाली पदयात्रा स्थगित कर दी है। इसे अब 16 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। दरअसल दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सुरक्षा कारणों के चलते आम आदमी पार्टी को यात्रा कार्यक्रम स्थगित करने का परामर्श दिया था जिसे पार्टी ने स्वीकार कर लिया। सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें दिल्ली पुलिस की सलाह सही लगी। मनीष सिसोदिया की पदयात्रा आज शाम पांच बजे शुरू होनी थी। दिल्ली पुलिस ने सुझाव दिया कि वह स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या होने के कारण सुरक्षा कारणों से इसे स्थगित कर दें। हमें उनकी सलाह सही लगी और हमने इसे 16 अगस्त के लिए स्थगित करने का फैसला किया। वह इस अवसर पर कोई टकराव नहीं चाहते। भारद्वाज ने कहा कि शायद कुदरत की यही योजना है कि पदयात्रा अब 16 अगस्त से शुरू हो क्योंकि इसी दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन भी है। भारद्वाज ने कहा कि हिंदी कैलेंडर के अनुसार उनका जन्मदिन जन्माष्टमी के दिन है लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जन्मदिन 16 अगस्त को है। जो होता है अच्छे के लिए होता है। शायद यही कुदरत की योजना है कि पदयात्रा केजरीवाल के जन्मदिन पर शुरू हो। पदयात्रा दिल्ली के सभी इलाकों से होकर गुजरेगी।

### पूर्व डिप्टी सीएम को अभियान को कहना चाहिए पश्चाताप यात्रा : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


वीरेंद्र सचदेवा

प्रदेश भाजपा ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की यात्रा को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सिसोदिया को अपने अभियान को पद यात्रा कहने के बजाय पश्चाताप यात्रा कहना चाहिए। उच्चतम न्यायालय द्वारा अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज होने पर उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों को अब आप सरकार पर भरोसा नहीं रहा और वे केजरीवाल और सिसोदिया को गाजियाबाद वापस भेज देंगे, जहां से उन्होंने अन्ना हजारे और दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की गंदी राजनीति शुरू की थी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि शराब घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज होना स्पष्ट दर्शाता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय की तरह सीबीआई के मामले को सीएम केजरीवाल को हिरासत में रखने के लिए पर्याप्त सबूत मिले हैं। मुख्यमंत्री को समय से पहले अंतरिम जमानत देने का कोई कारण नहीं है। शराब घोटाले में शामिल आप नेता कड़ी शर्तों पर जमानत पर छूटने के बावजूद खुद को निर्दोष बताते रहते हैं और कहते हैं उन्हें झूठे मामलों में फंसाया गया है, लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि जनता अब केजरीवाल सरकार पर भरोसा नहीं करती। राजनीतिक दल अपनी प्रचार यात्रा निकालने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन सच कहें तो अब समय आ गया है कि मनीष सिसोदिया अपने अभियान को पद यात्रा कहने के बजाय पश्चाताप यात्रा कहें।

## एम्स, सफदरजंग और आरएमएल में हड़ताल जारी

### ओपीडी बंद होने से मरीज हुए बेहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अस्पतालों में सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन करते आरएमएल के चिकित्सक।

कोलकाता में डॉक्टर से रेप-हत्या के विरोध में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान, सफदरजंग और आरएमएल सहित दिल्ली के कई अस्पतालों में लगातार तीसरे दिन यानी बुधवार को भी चिकित्सकों की हड़ताल जारी है।

इससे पहले मंगलवार रात फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को कहा कि वह कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर अपनी हड़ताल वापस ले रहा है क्योंकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी मांगें स्वीकार कर ली हैं। फोंडा ने कहा कि बुधवार सुबह से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय मरीजों के हित में लिया गया है। वहीं फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को कहा कि वह स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर अपनी हड़ताल जारी रखेगा। इससे अकेले एम्स में करीब 85 फीसदी सर्जरी प्रभावित हुई। वहीं, डॉ. राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग सहित दूसरे अस्पतालों में भी सर्जरी पर असर पड़ा। वहीं ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों की संख्या 55 फीसदी से भी कम रही।एम्स, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया और इंदिरा गांधी अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने लगातार तीसरे दिन हड़ताल जारी रखी जिससे बाह्य रोगी विभाग ओपीडी), आपरेशन थिएटर (ओटी) और वार्ड बंद हैं। अखिल भारतीय चिकित्सा संघ (एफएआईएमए) ने विभिन्न राज्यों और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के आरडीए के साथ बैठक के बाद एक बयान में कहा कि वह देश भर के अपने साथियों के साथ, घटना की निंदा करता है और अपनी हड़ताल जारी रखेगा। हालांकि फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा के साथ उनके आवास पर हुई बैठक के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। एसोसिएशन ने कहा कि हड़ताल समाप्त करने का निर्णय मरीजों के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया गया है।




INTEGRATED INDUSTRIES LIMITED
(Formerly Integrated Technologies Limited)
CIN: L10719DL1995PLC277176
Regd. Off.:288 Basement AGCR Enclave East Delhi Shahdara Shahdara DL 110092 IN
Ph: 011-45511351, Email: info@integratedindustries.in
NURTURE WELL

STATEMENT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 30TH JUNE, 2024

(Rs. in crores except EPS)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30/06/2024 Unaudited | 31/03/2024 Audited | 30/06/2023 Unaudited | 31/03/2024 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 22.48 | 17.79 | 4.00 | 56.16 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.30 | -0.44 | 0.11 | 1.26 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.30 | -0.44 | 0.11 | 1.26 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 0.26 | -0.37 | 0.08 | 0.88 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 0.26 | -0.37 | 0.08 | 0.88 |
| 6 | Equity Share Capital | 19.20 | 9.62 | 4.83 | 9.62 |
| 7 | Reserves (Excluding Revaluation Reserves) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | Earnings per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued | | | | |
| | operations) (not annualized)Basic (in Rs.) | 0.14 | (0.20) | 0.09 | 0.64 |
| | Diluted (in Rs.) | 0.12 | (0.19) | 0.09 | 0.57 |

Notes:
1. These above unaudited standalone financial results for the quarter ended 30 June 2024 ('the results') of the Integrated Industries Ltd ('the Company') (formerly Integrated Technologies Ltd), were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 14th August, 2024. The same have been subjected to limited review by Statutory Auditors of the Company in terms of regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.
2. The unaudited standalone financial results for the quarter ended 30 June 2024 ('the results') of the Integrated Industries Ltd ('the Company') (formerly Integrated Technologies Ltd) have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under Section 133 of Companies Act, 2013 ('The Act') read with the relevant rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
3. The unaudited standalone financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard('Ind AS') - 34 'Interim Financial Reporting', notified under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time, and other accounting principles generally accepted in India.
4. In the context of reporting business / geographical segment as required by Ind AS 108 - ""Operating Segments"", the Company's operations comprise of mainly one business segment -Trading in Food Products . Hence, there is no reportable segment as per Ind AS 108.
5. During the quarter ended 30th June 2024 the Company had issued and allotted 95,78,951 ordinary shares of Rs 10/- each, as fully paid up Bonus Shares in the proporation of 1 (One) Bonus Share of Rs 10/- each for every 1 (one) existing ordinary share of Rs 10/- each, on the record date i.e. 16.04.2024 Accordingly, the Earning Per Share (EPS) has been restated for all the periods.

For INTEGRATED INDUSTRIES LIMITED
(Formerly Integrated Technologies Limited)
Sd/-
Saurabh Goyal
(Managing Director)
DIN: 01094455

Place : Delhi
Date: 14th August, 2024

# विदेशी नागरिकों को ठहराने वाले 52 फ्लैट मालिकों पर केस दर्ज

## सी फॉर्म भरे बिना ठहराने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

● स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न सोसाइटी की गई जांच, गुरुग्राम निवासियों से विदेशी नागरिक को अपने घर/ होटल/ गेस्ट हाउस में किराए पर रखने की सूचना देने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

थाना भोंडसी की पुलिस टीम स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर तथा प्रशासन द्वारा होटल गेस्ट हाउस तथा विभिन्न समितियों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस टीम सेंट्रल पार्क सोसायटी सोहना रोड धुनेला पहुंची। वहां रिसेप्शन पर मौजूद व्यक्ति से फ्लैट में रहने वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड मांगा। इस दौरान 52 फ्लैट्स में बिना पुलिस को सूचित किए तथा बिना सी-फॉर्म भरे विदेशी नागरिकों को ठहराना पाया गया।

विदेशी नागरिकों का बिना सी-फॉर्म भरे तथा बिना पुलिस को सूचित किए अपने फ्लैट्स में ठहराने पर फ्लैट मालिकों के विरुद्ध थाना भोंडसी, गुरुग्राम में फॉर्नर एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि जब भी कोई विदेशी नागरिक इनके होटल, मकान, गेस्ट हाउस, फ्लैट्स में ठहरे तो इसकी सूचना पुलिस को दे तथा फॉरेनर एक्ट की धारा 7 की पालना के तहत सी-फॉर्म भरें। विदेशी नागरिकों को बिना सी-फॉर्म भरे ठहराने पर केस दर्ज किया गया। फॉर्नर एक्ट की धारा 14 के तहत 5 साल तक की सजा का प्रावधान है। सी-फॉर्म भरने से प्रशासन को विदेशी नागरिकों के संबंध में जानकारी मिलती है, जिससे भारत में विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक कदम उठाया जा सके। कोई भी व्यक्ति एफआरआरओ की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करके ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सी-फॉर्म भर सकता है।

# सांसद नवीन जिंदल ने कौशल शिक्षा मॉडल की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कुरूक्षेत्र के सांसद एवं उद्योगपति नवीन जिंदल ने बुधवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा बनाए गए उच्च शिक्षा में कौशल के मॉडल का अध्ययन किया और कौशल के उभरते आयामों पर विचार-विमर्श भी किया।

कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने सांसद नवीन जिंदल का स्वागत किया। तक्षशिला भवन में पहुंचने पर उनका बंचारी के नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।

कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा की उपस्थिति में उन्होंने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं और विभागाध्यक्षों के साथ कौशल के विविध आयामों पर चर्चा की। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने उनके समक्ष कौशल विश्वविद्यालय के प्रारूप पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांसद नवीन जिंदल ने सभी अधिष्ठताओं और विभागाध्यक्षों के साथ कौशल के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं पर खुल कर चर्चा की।

नवीन जिंदल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू के कौशल शिक्षा के मॉडल की सराहना की।

# बोधराज सीकरी के निवास पर मोहन लाल, सुधा यादव, कमल यादव पहुंचे

● वरिष्ठ नेताओं का बोधराज सीकरी ने किया भव्य स्वागत



गुरुग्राम में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का अपने निवास पर स्वागत करते वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बोधराज सीकरी के निवास पर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संसदीय बोर्ड की सदस्य और चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष कमल यादव पहुंचे।

लोक सभा चुनाव में गुरुग्राम निर्वाचन इलाके के संयोजक मनीष मित्तल, गुरुग्राम जिला के सह-प्रभारी संदीप जोशी, गुरुग्राम की महापौर मधु आजाद, सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, गुरुग्राम जिला के महा मंत्री सर्वप्रिय त्यागी, वरिष्ठ नेता में शैलेंद्र पांडे, अश्वनी शर्मा पार्षद, अर्जुन शर्मा, सरपंच सतीश यादव, पार्षद अनूप, पार्षद अनिल आरती यादव, पूनम भटनागर अधिवक्ता, प्रभारी सुंदरी खत्री, अलिशा तोमर, डॉक्टर रश्मि अग्रवाल, स्वाति टंडन, सिद्धार्थ भाटिया, पूर्व मेयर परविंदर कटारिया, महेश यादव, अत्तर सिंह सिंधु, निधि मल्होत्रा आदि भी पहुंचे। बोध राज सीकरी व उनके परिजनों और शुभ चिंतकों ने अतिथियों का शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मान व सत्कार किया। उन्होंने कहा, यह सभा मात्र पंजाबी समुदाय की नहीं, बल्कि 36 बिरादरी की है। मंच संचालन डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा और राम लाल ग्रोवर ने किया। महिला मंडली से ज्योत्सना बजाज, सुषमा आर्य, सुरेश सीकरी, मीरा शास्त्री, उपासना समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## भाजपा ने हर वर्ग का किया सम्मान : मोहन लाल

**गुरुग्राम।** शहर के समस्त ब्राह्मण समाज ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली का अभिनंदन किया। हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गुरुग्राम विधानसभा से दावेदार जीएल शर्मा की अगुवाई में अभिनंदन समारोह में शिरकत की। आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से अध्यक्ष आरपी कौशिक, योगेश कौशिक, महेश वशिष्ठ, रामनिवास वत्स, इंटरनेशनल ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, महेश गिरी, राजेश भारद्वाज, भागीरथ भारद्वाज, अंबिका प्रसाद, जिले सिंह पिचौलिया कुलदीप वशिष्ठ ने बड़ौली का स्वागत किया। महिलाओं के प्रतिनिधि के तौर पर अर्जुन मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोष वत्स, मधु खुराना, विजया गौड़, सुषमा शर्मा तथा सुरेखा ने अध्यक्ष को शॉल भेंट किया। जाट समाज से सुखबीर कटारिया, यादव समाज से महेश यादव टिनी व कृष्ण नंबरदार कन्हैई, पूर्वांचल समाज से दलीप कुशवाहा, धानक समाज के ओमप्रकाश कायत, सैनी समाज से बनवारी लाल सैनी, समेत अन्य समाज के लोगों ने स्वागत किया।

# शिक्षकों-विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा





तिरंगा यात्रा निकालते गुरुग्राम विवि के विद्यार्थी व टीचर्स।



फरीदाबाद में पुलिसकर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के नारों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

तिरंगा यात्रा जीयू परिसर से शुरू होकर तिगरा, समसपुर और निरवाना के मुख्य मार्ग से होते हुए यूनिवर्सिटी परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि राष्ट्र ध्वज तिरंगा हमें उन वीरों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष कुंडू, डॉ. विजय मेहता, डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. संजीव, डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. भूपेश समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने हर घर तिरंगा अभियान के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** सम्पूर्ण भारतवर्ष में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस विभाग फरीदाबाद द्वारा आज बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि तथा हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य तथा श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा व फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता फरीदाबाद पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने की। तिरंगा यात्रा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21 ए से आरम्भ होकर शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए सेक्टर 12 स्थित शहीद स्मारक फरीदाबाद पर समाप्त हुई जहां पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बारिश का पानी सेक्टर-8 के घरों में घुसा : सुमित गौड़

**फरीदाबाद।** शहर में हुई बरसात ने प्रशासन व भाजपा सरकार के दावों की पूरी तरह से पोल खोलकर रख दी। हालात यह हो गए है कि सेक्टर 8 हो या फिर कालोनियां सभी जगह कई-कई फुट पानी जमा होने के कारण लोगों को भारी असुविधाएं पेश आ रही है लेकिन न तो भाजपा के जनप्रतिनिधि और न ही अधिकारी लोगों की सुध ले रहे। उक्त वक्तव्य फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने सेक्टर-8 में जनसमस्याओं का जायजा लेने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गौड़ ने कहा कि बरसात के चलते सेक्टर-8 में लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

## डीसी ने कलाकारों को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस के ऑडिटोरियम में तृतीय वार्षिक कला सम्मान अवार्ड्स-2024 में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों व नवोदित प्रतिभाओं को प्रसंशा पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कला, संस्कृति, नाट्य की अलग-अलग विधाओं में सम्मान प्राप्त करने वाली विभूतियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला प्रशासन गुरुग्राम के समन्वय से यह सम्मान समारोह कला ग्राम सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया था।

# धरा को हरा-भरने के लिए संगत ने किया पौधारोपण

● आर्य समाज ग्राउंड में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सीमा पाहुजा ने किया पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



धरा को हरा-भरा करने के उद्देश्य से डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डा. राम रहीम सिंह जी इंसा के पावन अवतार माह की खुशी में हर साल की तरह इस बार भी डेरा की संगत ने उत्साह के साथ पौधारोपण किया। गुरुग्राम के सेक्टर-7 एक्सटेंशन स्थित आर्य समाज ग्राउंड में पौधारोपण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सीमा पाहुजा ने पौधारोपण अभियान की शुरुआत पौधा लगाकर की। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा के सेवा कार्यों को हम सब जानते हैं। इस अवसर पर बोहड़ाकलां ब्लॉक की साध संगत ने भी हेड़ाहेड़ी गौशाला में पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन दीपाली चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पहला पौधा लगाया। शाह सतनाम जी ग्रीन एस. वेलफेयर विंग के ब्लॉक प्रेमी सेवक जगदीश इंसा, 85 मेंबर सतीश इंसा के नेतृत्व में पौधारोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पूर्व जिला उप-प्रमुख संजीव यादव, एससी सेल के अध्यक्ष जेई अमरनाथ, पूर्व चेयरमैन दीपचंद, हेड़ाहेड़ी गांव के सरपंच मांगे राम ने भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गंगा प्रसाद एडवोकेट, कृष्ण इंसा, सतबीर इंसा, आशीष इंसा, विजय थानेदार, कुलदीप इंसा, ओमपाल इंसा, शीतल इंसा, देवेंद्र इंसा, मूर्ति इंसा, संतोष इंसा, सुनीता इंसा, कृष्णा, ओमा, रोशनी देवी ने पौधारोपण किया।

